राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

राज्यपाल "स्टैचू ऑफ यूनिटी" के लाइट एंड साउंड शो में सम्मिलित हुए

केवडिया, गुजरात/जयपुर, 12 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र गुजरात के केवड़िया में बुधवार सांय "स्टैचू ऑफ यूनिटी" के लाइट एंड साउंड शो में सम्मिलित हुए। उन्होंने विश्व की सबसे ऊंची सरदार पटेल की प्रतिमा पर पड़ने वाली लेजर लाइट के आलोक में निर्मित उनके जीवन, राष्ट्र की आजादी में रहे योगदान, आजादी बाद रियासतों के एकीकरण से अखंड भारत के निर्माण की उनकी भूमिका के इस शो की सराहना की।

उन्होंने कहा कि नर्मदा नदी के किनारे लौह पुरुष पटेल की प्रतिमा इंजीनियरिंग कौशल का अद्भुत उदाहरण है।

OF UNITY